**Series &RQPS/S**

**Set-3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/S/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (III) | प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है — **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **26** अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के **1** अंक के प्रश्न हैं।* *12×1=12*

**1.** इस प्रश्न के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

*अभिकथन (A) :* साझी संपदा के संसाधन पूरी दुनिया में आकार, गुणवत्ता और ग़रीबों के लिए उनकी उपलब्धता के आधार पर घट रहे हैं।

*कारण (R) :* साझी संपदा के निम्नीकरण के लिए कई कारक जैसे निजीकरण, गहनतर खेती, जनसंख्या वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र की गिरावट उत्तरदायी हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions number **13** to **18** are Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **50** to **60** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions number **19** to **23** are Long Answer type-I questions. Each question carries **4** marks. Write answer to each question in **100** to **120** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions number **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

*(vii)* ***Section E** – Questions number **27** to **30** are Long Answer type-II questions. Each question carries **6** marks. Write answer to each question in **170** to **180** words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

*Questions number **1** to **12** are Multiple Choice type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** For this question, two statements are given – one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.

*Assertion (A) :* Common property resources have dwindled in size, quality and availability to the poor in much of the world.

*Reason (R) :* A combination of factors including privatisation, agricultural intensification, population growth and ecosystem degradation are responsible for degradation of common property.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**2.** सूची-I का सूची-II से सही मिलान कीजिए और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, भारत | (i) | 1975 |
| 2. | बिजली अधिनियम, भारत | (ii) | 1992 |
| 3. | पृथ्वी सम्मेलन | (iii) | 2001 |
| 4. | वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनस पीपल (मूलवासियों) | (iv) | 2003 |

विकल्प :

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)

(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(D) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

**3.** युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीड़न के कारण देश छोड़ने वाले लोगों को निम्नलिखित में से क्या पुकारा/कहा जाता है ?

(A) भगोड़ा (B) निर्वासित

(C) शरणार्थी (D) प्रवासी

**4.** "निरस्त्रीकरण" के लिए सभी राज्यों से __________ अपेक्षा की जाती है।

(A) कुछ विशेष प्रकार के हथियारों को त्यागने की

(B) हथियारों के अधिग्रहण या विकास को विनियमित करने की

(C) विरोधियों के साथ हथियारों के बारे में जानकारी साझा करने की

(D) सैनिक आक्रमण के विरुद्ध सुरक्षा अथवा आक्रमण रोकने के लिए आपस में सहयोग करने की

**2.** Match the List-I with List-II and choose the correct option as answer :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | The Energy Conservation Act, India | (i) | 1975 |
| 2. | The Electricity Act, India | (ii) | 1992 |
| 3. | Earth Summit | (iii) | 2001 |
| 4. | World Council of Indigenous Peoples | (iv) | 2003 |

Options :

(A) 1-(iv), 2-(i), 3-(iii), 4-(ii)

(B) 1-(iii), 2-(iv), 3-(ii), 4-(i)

(C) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i), 4-(iv)

(D) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv), 4-(iii)

**3.** People who flee from war, natural disaster or political persecution are called ___________.

(A) Fugitives (B) Expatriates

(C) Refugees (D) Migrants

**4.** "Disarmament" requires all states to _______________.

(A) give up certain kinds of weapons

(B) regulate the acquisition or development of weapons

(C) share information about arms with rivals

(D) coordinate their actions to deter or defend against military attack

**5.** किन मध्य एशियाई गणराज्यों के राष्ट्रपतियों ने पहले 10 वर्षों के लिए अपने को सत्ता में नियुक्त किया और फिर अपनी समय सीमा अगले 10 वर्षों के लिए बढ़ा ली ?

(A) किर्गिज़स्तान और कज़ाकिस्तान (B) यूक्रेन और अज़रबैजान

(C) तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान (D) ताजिकिस्तान और कज़ाकिस्तान

**6.** निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I. गोर्बाचेव सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने।

II. रूस, यूक्रेन और बेलारूस ने सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा की।

III. रूस की क्रांति।

IV. बर्लिन की दीवार का गिरना।

सही विकल्प चुनिए।

(A) III, I, IV, II

(B) III, II, I, IV

(C) III, I, II, IV

(D) III, IV, I, II

**7.** दिमसा समुदाय भारत के किस राज्य से सम्बन्ध रखता है ?

(A) मिज़ोरम

(B) त्रिपुरा

(C) असम

(D) मणिपुर

**8.** 1955 में एफ्रो-एशियन कॉन्फ्रेंस निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुई थी ?

(A) जकार्ता (B) बांडुंग

(C) बाली (D) जावा

5. The Presidents of which Central Asian Republics appointed themselves to power first for ten years and then extended their term for another ten years ?

(A) Kyrgyzstan and Kazakhstan (B) Ukraine and Azerbaijan

(C) Turkmenistan and Uzbekistan (D) Tajikistan and Kazakhstan

6. Arrange the following events in chronological order :

I. Gorbachev became the General Secretary of Communist Party of the Soviet Union.

II. Russia, Ukraine and Belarus declared that Soviet Union is disbanded.

III. Russian Revolution.

IV. Fall of the Berlin Wall.

Choose the correct option.

(A) III, I, IV, II

(B) III, II, I, IV

(C) III, I, II, IV

(D) III, IV, I, II

7. To which state of India does the Dimasa community belong ?

(A) Mizoram

(B) Tripura

(C) Assam

(D) Manipur

8. Where was the Afro-Asian Conference held in 1955 ?

(A) Jakarta (B) Bandung

(C) Bali (D) Java

**9.** इस प्रश्न के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है। इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

*अभिकथन (A) :* असम से एक जनजातीय राज्य के बजाय अनेक राज्य अलग करके बनाए गए।

*कारण (R) :* प्रमुख जनजातीय समुदायों के नेता असम से अलग होना चाहते थे।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**10.** भारत और चीन ने पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किस वर्ष में किए थे ?

(A) 1950 (B) 1952

(C) 1954 (D) 1956

**11.** भारत में कौन-से वर्ष पूरे देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) का प्रयोग शुरू किया गया ?

(A) 2001 (B) 2002

(C) 2003 (D) 2004

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सी राजनीतिक पार्टी पहली लोकसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी थी ?

(A) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

(B) भारतीय जनसंघ

(C) सोशलिस्ट पार्टी

(D) काँग्रेस सोशलिस्ट पार्टी

**9.** For this question, two statements are given – one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (A), (B), (C) and (D) given below.

*Assertion (A) :* Instead of one tribal state, several states got carved out of Assam.

*Reason (R) :* Leaders of the major tribal communities wanted to separate from Assam.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** In which year did India and China sign the Panchsheel Agreement ?

(A) 1950 (B) 1952

(C) 1954 (D) 1956

**11.** In which year did India start using the Electronic Voting Machines (EVM) throughout the entire country ?

(A) 2001 (B) 2002

(C) 2003 (D) 2004

**12.** Which one of the following political parties was the main opposition party in the first Lok Sabha ?

(A) Communist Party of India

(B) Bharatiya Jana Sangh

(C) Socialist Party

(D) Congress Socialist Party

## खण्ड ख

**13.** समकालीन विश्व में 'वैश्विक ग़रीबी' किस प्रकार सुरक्षा के लिए खतरे का एक नया स्रोत है ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**14.** 1952 में पहला आम चुनाव करवाना, भारत के चुनाव आयोग के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य क्यों था ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**15.** आर्थिक वृद्धि और लोकतंत्र किस प्रकार भारत को अधिक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक हैं ? स्पष्ट कीजिए। *2*

**16.** भारत में नियोजित विकास की ज़रूरत पर सहमति बनाने में सहयोग देने वाले किन्हीं दो कारकों को उजागर कीजिए। *2*

**17.** बांग्लादेश के निर्माण से पूर्व, पूर्वी पाकिस्तान में लोगों द्वारा पश्चिम पाकिस्तान के विरोध के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए। *2*

**18.** भारत के किन्हीं चार ऐसे प्रधानमंत्रियों के नाम लिखिए जिन्होंने केन्द्र में गठबंधन की सरकारों का नेतृत्व किया। *2*

## खण्ड ग

**19.** भारत की परमाणु नीति का विश्लेषण कीजिए। *4*

**20.** सोवियत प्रणाली की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *4*

**21.** (क) "भारत के भूटान के साथ अति विशिष्ट सम्बन्ध हैं।" दो उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) भारत की अपने छोटे पड़ोसी देशों के साथ समस्याओं के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए। *4*

**22.** (क) वैश्वीकरण के किन्हीं चार आर्थिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) वैश्वीकरण के किन्हीं चार सांस्कृतिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। *4*

**23.** नागालैंड में हुए अलगाववादी आंदोलन के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए। *4*

## SECTION B

**13.** How is 'global poverty' a new source of threat to security in the contemporary world ? Explain. *2*

**14.** Why was holding of the first general elections in 1952 a great challenge for the Election Commission of India ? Explain. *2*

**15.** How do economic growth and democracy help India in providing greater security ? Explain. *2*

**16.** Highlight any two factors that contributed towards the development of consensus around the need for planned development in India. *2*

**17.** Explain any two reasons for protests by the people of East Pakistan against West Pakistan prior to the creation of Bangladesh. *2*

**18.** Name any four Prime Ministers of India who led the Coalition Governments at the Centre. *2*

## SECTION C

**19.** Analyse the Nuclear Policy of India. *4*

**20.** Explain any four features of the Soviet System. *4*

**21.** (a) "India enjoys a very special relationship with Bhutan." Support the statement with two examples. *4*

**OR**

(b) Analyse any two reasons for the problems that India has with its smaller neighbours. *4*

**22.** (a) Explain any four economic consequences of globalisation. *4*

**OR**

(b) Explain any four cultural consequences of globalisation. *4*

**23.** Analyse any two reasons for the Secessionist Movement in Nagaland. *4*

## खण्ड घ

**24.** दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

'साझी संपदा' उन संसाधनों को कहते हैं जिन पर कोई एक नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का अधिकार होता है। यह एक 'कॉमन रूम' या 'सामुदायिक केन्द्र', पार्क या नदी हो सकता है। इसी तरह विश्व के कुछ हिस्से अथवा क्षेत्र ऐसे भी हैं जो किसी एक देश के संप्रभु क्षेत्राधिकार से बाहर होते हैं। इसीलिए उनका प्रबंधन साझे तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा किया जाता है। इन्हें 'वैश्विक संपदा' कहा जाता है।

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू 'वैश्विक संपदा' का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?

(A) केवल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए उपलब्ध संसाधन।

(B) एकल राष्ट्र के अधिकार-क्षेत्र के तहत संसाधन।

(C) विकसित देशों के प्रबंधन के बाहर संसाधन।

(D) अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के साझा प्रबंधन के तहत संप्रभु क्षेत्र।

(ii) 1992 के रियो सम्मेलन को __________ नाम से भी जाना जाता है।

(A) ग्लोबल सम्मेलन    (B) ग्रह सम्मेलन

(C) पृथ्वी सम्मेलन    (D) विश्व सम्मेलन

(iii) 'वैश्विक संपदा' के प्रबंधन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग क्यों आवश्यक है ?
निम्नलिखित में से सर्वोपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

(A) संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं और स्वयं-पुन:पूर्ति करने वाले हैं।

(B) अन्य देशों के संसाधनों को साझा करने के राजनीतिक लाभ हैं।

(C) देश अपने-अपने संसाधनों का प्रबंधन कर सकते हैं।

(D) सतत विकास के प्रति दृष्टिकोण सभी के लिए समान है।

(iv) निम्नलिखित में से, देशों के किस जोड़े को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट दी गई थी ?

(A) चीन और रूस    (B) चीन और भारत

(C) चीन और संयुक्त राज्य अमरीका    (D) भारत और फ्रांस

## SECTION D

**24.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

'Commons' are those resources which are not owned by anyone but rather shared by a community. This could be a 'common room' or a 'community centre', a park or a river. Similarly, there are some areas or regions of the world which are located outside the sovereign jurisdiction of any one state and therefore, require common governance by the international community. These are known as 'Global Commons'.

(i) Which one of the following aspects best describes the 'Global Commons' ?

(A) Resources only accessible for scientific research.

(B) Resources under the jurisdiction of a single nation.

(C) Resources located outside the governance of developed nations.

(D) Sovereign regions under the common governance of international community.

(ii) The Rio Summit of 1992 is also known as ___________.

(A) Global Summit (B) Planet Summit

(C) Earth Summit (D) World Summit

(iii) Why is the international cooperation essential for managing the 'Global Commons' ?

Choose the most suitable option from the following :

(A) Resources are abundant and self-replenishing.

(B) There are political benefits for sharing resources of other countries.

(C) Individual countries can manage their resources.

(D) The approach towards sustainable development is common for all.

(iv) Which of the following pair of countries was exempted from the requirements of the Kyoto Protocol ?

(A) China and Russia (B) China and India

(C) China and USA (D) India and France

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर), में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ के द्वारा अंकित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जिससे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का संबंध था।

(ii) वह राज्य जिससे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का संबंध था।

(iii) वह राज्य जिससे पूर्व मुख्यमंत्री सी. नटराजन अन्नादुरई का संबंध था।

(iv) वह राज्य जिससे भारत के पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरि का संबंध था।

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*


(25.1) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे भारत के पूर्व राष्ट्रपति वी.वी. गिरि का संबंध था।

(25.2) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज का संबंध था।

(25.3) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का संबंध था।

(25.4) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का संबंध था।

प्रश्न सं. 25 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
C
D
A
B
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100
200
300
400
500

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 17), four States have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The State to which the former Prime Minister Lal Bahadur Shastri belonged.

(ii) The State to which the former Chief Minister Karpoori Thakur belonged.

(iii) The State to which the former Chief Minister C. Natarajan Annadurai belonged.

(iv) The State to which the former President of India V.V. Giri belonged.

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **25** :* *4×1=4*


(25.1) Name the State to which the former President of India V.V. Giri belonged.

(25.2) Name the State to which the former Chief Minister K. Kamaraj belonged.

(25.3) Name the State to which the former Chief Minister Karpoori Thakur belonged.

(25.4) Name the State to which the former Prime Minister Lal Bahadur Shastri belonged.

For question no. 25



**26.** नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। *1+1+2=4*

(चीन से संबंधित कार्टून है)





(i) 'लाल किताब' को हाथ में पकड़े हुए नेता को पहचान कर उसका नाम लिखिए।

(ii) चीन में 'लाल किताब' (तब) से 'लाल टाई' (अब) तक आने में क्या वैचारिक परिवर्तन हुआ ?

(iii) चीन में 'तब' और 'अब' के बीच हुए किन्हीं दो आर्थिक परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए।

**26.** Study the cartoon given below and answer the questions that follow. *1+1+2=4*

(The cartoon is related to China)




(i) Identify and name the leader who is holding the 'Red Book'.

(ii) What ideological change took place in China from the 'Red Book' (Then) to the 'Red Tie' (Now) ?

(iii) Explain any two economic changes that took place in China between 'then' and 'now'.

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *1+1+2=4*

(26.1) चीन में कृषि का निजीकरण किस वर्ष लागू किया गया था ?

(26.2) चीन में साम्यवादी क्रान्ति का नेतृत्व करने वाले नेता का नाम लिखिए।

(26.3) चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए जिम्मेदार किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए।

## खण्ड ङ

**27.** (क) भारत-चीन संबंधों की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) दक्षिण कोरिया की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए जो इसको सत्ता का एक वैकल्पिक केन्द्र बनाती हैं। *6*

**28.** (क) 1989 से 1999 के बीच भारत में घटी किन्हीं चार प्रमुख राजनीतिक घटनाओं का वर्णन कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) भारत की अधिकांश राजनीतिक पार्टियों के बीच उभरी सहमति के किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए। *6*

**29.** (क) समकालीन विश्व में संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) ''सुरक्षा परिषद में समान प्रतिनिधित्व की कमी है।''

उपर्युक्त कथन के संदर्भ में, संयुक्त राष्ट्र की पुनर्रचना की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। *6*

*Note :* *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* *1+1+2=4*

(26.1) In which year was the privatisation of agriculture introduced in China ?

(26.2) Name the leader who led the Communist revolution in China.

(26.3) Explain any two factors responsible for the growth of Chinese economy.

## SECTION E

**27.** (a) Describe any four features of India-China relations. *6*

**OR**

(b) Describe any four features of South Korea that make it an alternate centre of power. *6*

**28.** (a) Describe any four major political developments that took place in India from 1989 to 1999. *6*

**OR**

(b) Describe any four issues on which consensus has emerged among most political parties of India. *6*

**29.** (a) Explain the relevance of the United Nations in the contemporary world. *6*

**OR**

(b) ''The Security Council lacks equitable representation.''

In the light of the above statement, explain the need for restructuring the United Nations. *6*

**30.** (क) 1947 में ब्रिटिश इंडिया के विभाजन के किन्हीं चार परिणामों का विश्लेषण कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) मणिपुर के भारतीय संघ में विलय के लिए उत्तरदायी घटनाओं का विश्लेषण कीजिए। *6*

**30.** (a) Analyse any four consequences of the partition of British India in 1947. *6*

**OR**

(b) Analyse the events that led to the merger of Manipur into the Union of India. *6*